हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने कहा है कि लोगों के बीच सामान्य रूप से किसी भी राशि के यूपीआई लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि छोटे व्यापारियों के लिए शून्य व्यापारी छूट दर के अंतर्गत लेनदेन के साथ-साथ व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के भुगतान भी मुफ्त रहेंगे। इसके परिणामस्वरूप सभी व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित नहीं होगा। छूट दर केवल दो हजार रुपये से अधिक के निर्दिष्ट व्यापारी लेनदेन पर ही लागू होगी।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने कहा है कि चुनिंदा व्यापारी लेनदेन पर एक संशोधित यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट फ्रेमवर्क पेश किया गया है, जो अगले महीने की 15 तारीख से प्रभावी है, जबकि उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई को मुफ्त रखा गया है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि 2,000 रुपये से अधिक व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत का नाममात्र मर्चेंट डिस्काउंट रेट-एमडीआर लगाया जाएगा, जबकि 75 हजार रुपये और उससे अधिक के उच्च मूल्य वाले लेनदेन के लिए, एमडीआर प्रति लेनदेन तीन सौ रुपये तक सीमित किया जाएगा। यूपीआई ऐप प्रदाताओं को प्लेटफॉर्म शुल्क या छिपे हुए शुल्क लगाने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है। बैंकों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि व्यापारी यूपीआई भुगतान के लिए ग्राहकों को एमडीआर शुल्क न दें।

---------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता होने के साथ-साथ हमें जीवन जीने की सकारात्मक प्रेरणा भी देते हैं। गणेश जी का स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि जिस व्यक्ति ने अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा लिया, उसके लिए जीवन की कोई भी समस्या बड़ी नहीं रहती।

मुख्यमंत्री फरीदाबाद में आयोजित भव्य गणेश महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। गणेश उत्सव में हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष व प्रथम महिला मित्रा घोष ने भी शिरकत की । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे।

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केसार्वजनिक जीवन और शासन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से शुरू हो रहे 'सेवा संकल्प अभियान' को सफल बनाने के लिए आजपलवल मे अधिकारियों की बैठक ली। खेल राज्यमंत्री ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि नागरिकों तक सरकारी सेवाओं औरयोजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय स्तर पर मिलकर करप्रयास किए जाए।

मीडिया से बातचीत मे श्री गौरव गौतम ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत समाज में सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूतकरने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों केजरिए सेवा को केवल एक गतिविधि तक सीमित रखने के बजाय इसे सामाजिक जिम्मेदारी औरराष्ट्र निर्माण से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------

सिरसा जिले में बिजली बिल अदा न करने वाले एक लाख 39 हजार 353 उपभोक्ताओं को बिजली निगम ने डिफाल्टर घोषित किया है।जिन पर 106 करोड़ का बिजली बिल बकाया है।निगम ने अब बकाया राशि की वसूली के लिए सख्त अभियान शुरू करने का फैसला लिया है, जिसके तहत बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। बिल अदा न करने वाले 32 हजार 621 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे भी गए है जिनका 52 करोड़ 83 लाख का बिल बकाया था।

-----------------------------------------------------------------------------------

9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत चंडीगढ़ में पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जो एनीमिया की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार तथा सामुदायिक भागीदारी पर केंद्रित रही।

मलोया कॉलोनी में पौष्टिक एवं प्रोटीन युक्त आहार पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में आयुष विभाग के सहयोग से एनीमिया जांच शिविर तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पंजीकरण शिविर लगाया गया। वहीं धनास में भी पात्र गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए विशेष प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत नामांकन किया गया।

---------------------------------------------------------------------------------

भिवानी में गौरक्षक दल के सदस्यों ने औद्योगिक क्षेत्र में समय पर इलाज न मिलने के कारण एक बीमार कुत्ते की तड़प-तड़प कर हुई मौत के बाद उन दो ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जिन्हें नगर परिषद द्वारा बेसहारा और घायल पशुओं के रखरखाव व इलाज के लिए ठेका दिया गया है।